समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भारत का तुर्किए को सख्त संदेश : पाकिस्तान से आतंकवाद का समर्थन बंद करने को कहे।

Publisher Published on 22 May 2025



## भारत ने तुर्किए को चेताया : पाकिस्तान से आतंकवाद का समर्थन बंद कराने की करे मांग।

**नई दिल्ली :**भारत ने **तुर्किए (Turkey)** को दो टूक शब्दों में कहा है कि वह पाकिस्तान से सीमा पार **आतंकवाद का समर्थन** बंद करने और उसके आतंकी तंत्र के खिलाफ सख्त कदम उठाने की दृढ़ अपील करे। यह बयान ऐसे समय आया है जब **तुर्किए** ने एक बार फिर भारत विरोधी रुख अपनाते हुए पाकिस्तान का समर्थन किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता **रणधीर जायसवाल** ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि तुर्किए पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन बंद करने और दशकों से उसकी ओर से पोषित आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का पुरजोर आग्रह करेगा।"

भारत ने तुर्किए को चेताया, संबंध '**संवेदनशीलता**' पर आधारित होने चाहिए
रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि "**संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते है**।"

भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि तुर्किए भारत के साथ स्वस्थ **द्विपक्षीय संबंध** चाहता है, तो उसे पाकिस्तान के साथ अपनी नीति की समीक्षा करनी होगी, खासतौर पर आतंकवाद जैसे मुद्दों पर।

**पाकिस्तान का आतंकवाद और तुर्किए का समर्थन**
भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकवाद को शह देने का आरोप लगाता रहा है। इस बीच तुर्किए ने कई बार पाकिस्तान के पक्ष

में बयान दिए हैं, जिससे भारत और तुर्किए के संबंधों में तल्खी देखी गई है। भारत की यह प्रतिक्रिया स्पष्ट संकेत है कि अब वह कूटनीतिक स्तर पर सख्ती बरतेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.